हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025



11 श्रद्धालुओं ने बाबा धुणीवाला की पूजा कर मांगी सुख...



12 अधिकारी खजाना कार्यालय से परीक्षा केंद्र ...

**खबर संक्षेप**

### 13 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से 13 सितंबर को दादरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौंदर्य पूर्ण माध्यम से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है, तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है।

### जाहर वीर गोगाजी का वार्षिक उत्सव 16-17 को



**बहल।** गोगा जी कमेटी की मीटिंग में उपस्थित कमेटी सदस्य व अन्य लोग।

**बहल।** जाहर वीर गोगाजी का वार्षिक उत्सव 16 व 17 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। 16 अगस्त को गोगा का जागरण कार्यक्रम आयोजित होगा व 17 अगस्त को दिन में गोगा का मेला आयोजित होगा। इसी दिन शाम को कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। उक्त फैसला वीरवार को गोगा जी कमेटी बहल की आयोजित मिटिंग में लिया गया। गोगा कमेटी ट्रस्ट के प्रधान डॉ. दयानंद जावला ने बताया कि बहल क्षेत्र के लोगों में बहल में आयोजित होने वाले गोगा जी उत्सव के लिए भारी उत्साह होता है। कमेटी द्वारा हर वर्ष श्रद्धालुओं की भावना के अनुरूप मेले का विस्तार करती रही है।

### बारिश से जलभराव गर्मी से मिली मुक्ति

**बहल।** देर रात से लेकर को बहल क्षेत्र में हुई मानसून की पहली जोरदार बारिश हुई। बारिश से जहां पिछले काफी दिनों से गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को राहत मिली वहीं कस्बे में अनेक जगहों पर जलभराव से परेशानी हुई। पानी की निकासी नहीं होने से बारिश का पानी लोगों के घरों तक जा पहुंचा। करीब सात घंटे से ज्यादा समय तक गलियों में पानी की निकासी नहीं हो पाने के कारण लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए। सरपंच साधूराम पनिहार और पंचायत कार्यालय की सडक़ भी पानी में डूबी नजर आई।

## झोझूकलां को महाग्राम योजना में किया जाएगा शामिल, शेष गांवों की चकबंदी का कार्य होगा पूरा: मुख्यमंत्री

# तीन करोड़ के सरकारी खर्च पर हटेंगी बाढ़ड़ा में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तारः सीएम

### बाढ़ड़ा में नई अनाजमंडी व हड़ौदा में सब्जीमंडी होगी स्थापित, पुलिस भर्ती प्रक्रिया जल्द होगी शुरू: नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन तारों को बिजली निगम द्वारा हटवाया जाएगा, इसका सारा खर्च सरकार वहन करेगी और सरकार इसके लिए बिजली निगम को तीन करोड़ रुपये की राशि देगी। इसके अलावा बाढ़ड़ा में भूमि उपलब्ध होने पर नई अनाजमंडी स्थापित करने, गांव हड़ौदा में फिजिबिल्टी चैक करवाकर सब्जी मंडी का निर्माण करने तथा झोझूकलां को महाग्राम योजना में शामिल करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं वीरवार को दादरी जिले के बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में विधायक उमेद पातुवास द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए की। इस मौके पर सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, सांसद धर्मबीर सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि बाढ़ड़ा विधानसभा में कुछ गांवों की चकबंदी बकाया है, उन गांवों की चकबंदी का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके अलावा गांव पातुवास में भूमि उपलब्ध होने पर पशु चिकित्सालय बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ड़ा को बिजली डिविजन का दर्जा दिया जाएगा और बिजली कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने तीन करोड़ रुपये की घोषणा की। साथ ही फिजिबिल्टी चैक करवाकर बाढ़ड़ा पब्लिक हेल्थ की सब डिविजन को डिविजन का दर्जा दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कलियाना से दादरी सड़क को चार-लेन करने की घोषणा करते हुए कहा कि इसकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर इस कार्य को किया जाएगा। झोझूकलां को उपतहसील का दर्जा देने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में सरकार द्वारा गठित कमेटी को आवेदन किया जाए। इसके अलावा फिजिबिलिटी चैक करवाकर बाढ़ड़ा में फायर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। महराणा एवं ढाणी फौगाट में सरकारी स्कूलों को 12वीं तक अपग्रेड करने के संबंध में फिजिबिलिटी चैक करवा अपग्रेड करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में बाढ़ड़ा विस से विधायक एवं रैली संयोजक उमेद पातुवास, विधायक सुनील सांगवान, दिल्ली पूर्व विधायक सुरेंद्र कमांडो, जिप चेयरमैन मंदीप डालावास, पूर्व चेयरमैन बबीता फौगाट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता डांगी ने अपने विचार रखे। मंच संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने किया।



**चरखी दादरी।** मंच पर सीएम नायब सिंह व अन्य नेता व शहीद अरविंद सांगवान की प्रतिमा का अनावरण करते सीएम।



### सड़कों की मरम्मत पर खर्च होंगे 21 करोड़ रुपये

सीएम नायब सिंह सैनी ने सड़कों तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए घोषणा करते हुए कहा कि बाढ़ड़ा विधानसभा में 311.20 किलोमीटर की 100 सड़कें, जो डीएलपी अवधि में हैं, उन्हें संबंधित एजेंसी के माध्यम से ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी की 48.31 किलोमीटर की 12 सड़कों की मरम्मत के लिए 20.40 करोड़ रुपये की घोषणा की। बाढडा क्षेत्र में मार्केटिंग बोर्ड की 13.80 किलोमीटर की पांच सड़कों की भी स्पेशल रिपेयर करवाई जाएगी। साथ ही, 11.70 किलोमीटर की 3 सड़कों की स्पेशल रिपेयर के लिए 1.19 करोड़ रुपये की घोषणा की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि कारी-रूपा में फिजिबिलिटी चैक करवाकर यहां आईटीआई खोलने का काम किया जाएगा। बाढड़ा विधानसभा में गांवों के कच्चे रास्तों का निर्माण करने के लिए 5 करोड़ रुपये तथा इस विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा की।

### मुख्यमंत्री ने शहीद की प्रतिमा का किया आवरण

मुख्यमंत्री ने शहीद अरविंद सांगवान की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि अमर शहीद आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, ये केवल एक प्रतिमा नहीं है, यह उस अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है, जो इस इलाके के जवानों की रग-रग में बसा है। शहीद अरविंद सांगवान एक ऐसे युवा थे, जिन्होंने बचपन से ही अपने अंदर देश सेवा का जज्बा पाला था। उनका जन्म झोझू कलां में हुआ और यहीं की मिट्टी ने उन्हें देशभक्ति के संस्कार दिए। उन्होंने भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना देखा था। अपने सपने को साकार करने के लिए किए गए अथक परिश्रम से उनका चयन भारतीय सेना में हुआ। वीर सैनिक ने 23 दिसम्बर 2022 को लद्दाख में ऑप्रेशन स्नो लेपर्ड के दौरान देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी।

### सेवा और निर्माण में अग्रणी भूमिका : सांसद

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा देश की रक्षा, सेवा और निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। चाहे देश की सीमाओं की सुरक्षा हो या देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की बात हो। उन्होंने कहा कि आज यहां उमड़ी अपार भीड़ इस बात का प्रमाण है कि लोगों का भरोसा भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में लगातार बढ़ रहा है।

### प्रदेश में जल्द निकाली जाएगी पुलिस भर्ती

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झोझूकलां में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जल्द ही पुलिस भर्ती निकाली जाएगी और इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 26-27 जुलाई को प्रदेशभर में सीईटी परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बसों की व्यवस्था की गई, ताकि वे परीक्षा केंद्रों तक सुचारू रूप से पहुंच सकें। लड़कियों के साथ उनके परिवार के एक सदस्य को भी बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है।

### सरकार विकास कार्यों को दे रही प्राथमिकता : श्रुति

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि ये भूमि वीरों की है, ये भूमि संघर्ष और सेवा की मिसाल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और क्षेत्र में सिंचाई योजनाओं को अब धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सिंचाई विभाग द्वारा जिले के लिए 125 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें पाइप लाइन, बोरवैल सोलर सिस्टम, रिचार्ज वेल, नहरों का निर्माण और जोहड़ों को नहरों से जोड़ने जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 32 करोड़ रुपये की लागत से मकड़ानी गांव में ढाई एकड़ क्षेत्र में एक झील का निर्माण किया जाएगा, जो आसपास के गांवों में भूजल रिचार्ज का कार्य करेगी।

### विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में 495 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में 175 करोड़ रुपये के काम हुए थे। पिछले 10 वर्षों में बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 203 घोषणाएं की, जिनमें से 145 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 29 पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि चरखी-दादरी जिले के लिए कुल 474 घोषणाएं की, जिनमें से 321 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 90 पर काम जारी है। सरकार ने चरखी दादरी को दिसम्बर 2016 में नया जिला बनाया। राष्ट्रीय राजमार्ग 148-बी का सुधार करने व इसे चारमार्गी बनाने का काम 170 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

# क्रेशर संचालकों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## क्रेशर जोन के रास्तों को डीएमफ से पक्का करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला के स्टोन क्रेशर संचालकों के प्रतिनिधि मंडल ने दादरी आगमन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह को रेस्ट हाउस में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्रेशर संचालकों ने बताया कि दादरी जिले के खेड़ी बत्तर, कलियाणा, अटेला कलां, पिचौपा कलां क्रेशर जोन को इंडस्ट्रियल जोन घोषित करने, क्रेशर जोन के सभी रास्तों को डीएमफ से पक्का करने की मांग रखी।

माइनिंग विभाग द्वारा ई-रवाना पोर्टल जारी किया है, वह ज्यादातर बंद रहता, जिससे स्टोन क्रेशरों को संचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसे दुरूस्त किया जाए। हरियाणा जल प्राधिकरण विभाग द्वारा सभी स्टोन क्रेशरों को जमीन से पानी निकालने के लिए एनओसी लेना अनिवार्य किया गया है। इस एनओसी एक साल की अवधि के लिए ही जारी की जाती है। इस अवधि को कम से कम 5 साल के लिए किया जाए। हरियाणा सरकार के आधिकारिक राजपत्र द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्टोन क्रेशरों को अगर नवम्बर से फरवरी तक स्टोन क्रेशरों को बंद कर दिया जाएगा तो हरियाणा सरकार राजस्व की हानि होगी।



**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन देते क्रेशर संचालक। फोटो : हरिभूमि

### राजस्व की हानि होगी

सुप्रीम कोर्ट के 5 दिसम्बर 2024 के आदेशानुसार भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक जब तक 350 न हो तब तक स्टोन क्रेशर चलाने पर पाबंधी नहीं लगा सकते, इसे भी निरस्त किया जाए। हरियाणा सरकार के द्वारा खनन सामग्री पर जो रॉयल्टी में बदलाव किया गया है, उससे अन्य राज्यों से आने वाली खनन सामग्री की बढ़ोतरी होगी, जिससे हरियाणा राज्य के स्टोन क्रेशर पर बिक्री का प्रभाव पड़ेगा और हरियाणा सरकार को भी राजस्व की हानि होगी। मुख्यमंत्री ने क्रेशर संचालकों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# हसला के राज्य सचिव बने अशोक पहल

## श्याम सुंदर सहसचिव और सत्यवान उपप्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने अपने सभी जिला प्रधानों व अन्य बुद्धिजीवी सहयोगियों से विचार-विमर्श करके राज्य कार्यकारिणी का गठन किया। राज्य कार्यकारिणी में भिवानी जिला से अशोक पहल को राज्य सचिव, श्याम सुंदर को सहसचिव, सत्यवान को उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा प्रद्युमन को कार्यकारिणी में शामिल किया। हसला जिला संरक्षक रामधन शास्त्री ने बताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु का आभार जताया।

### समस्त राज्य कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी

वहीं दूसरी तरफ अशोक पहल को राज्य सचिव बनने पर संगीता सरोहा, रोहताश जांगड़ा, राजकुमार राठी, नरेंद्र श्योराण, नरेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, सुमन यादव, पूनम रानी, कुलदीप सांगवान, ईश्वर शास्त्री, हेमन्त सिंहमार, संजीव फौजी एवं राजकीय वमा विद्यालय सांगा के सभी स्टाफ सदस्यों ने अभिनंदन किया एवं समस्त राज्य कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। हसला जिला संरक्षक रामधन शास्त्री ने कहा कि नवनियुक्त राज्य सचिव अशोक पहल सहित समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी की पिछली कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वे शिक्षकों की लंबित मांगों को सरकार तक पहुंचाने और उनके शीघ्र समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार व छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य करेंगे और एसोसिएशन की हितों को सर्वोपरि रखेंगे।



**भिवानी।** हसला पदाधिकारियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**संयुक्त किसान यूनियन सात दिन से बैठी थी धरने पर**

# मुख्यमंत्री ने किसानों की मांगों पर सहमति जताई, धरना खत्म

- चरखीदादरी के किसानों को 150 करोड़ की राशि मुआवज्य के रूप में की जानी थी जारी
- रबी फसल 2024 सरसों व गेहूं की फसल ओलावृष्टि से सौ प्रतिशत हो गई थी नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

संयुक्त किसान यूनियन के आह्वान में किसानों को धरना आववें दिन भी दिन जारी रहा वहीं शनिवार को किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने दादरी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बैठक कर अपनी मांगों को उनके सामने रखा जिस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों की सभी मांगों पर सहमती दिखाई जिस पर किसानों ने वापिस अनाज मंडी में चल रहे धरने पर पहुंच कर धरने को खत्म किया। आज के धरने की अध्यक्षता सत्यवीर बाढड़ा ने की।

किसानों के प्रतिनिधि मंडल में भाकियु जिला प्रधान हरपाल भांडवा, ओमप्रकाश उमरवास, जिला प्रधान नंबरदार राजबीर हंसावास, रामअवतार, सरपंच वेद प्रकाश, विनोद मांढी आदि ने बतायाकि किसानों का प्रतिनिधि मंडल आज वीरवार को चरखी दादरी में सीएम से मिला ओर सीएम साहब ने किसानों की सभी मांगों पर सहमती जताई जिसे पर किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि किसानों की मुख्य मांगे खरीब फसल में नुकसान हुआ था जिसे जिला चरखी दादरी के 150 करोड़ की राशि मुआवज्य के रूप में जारी की जानी थी लेकिन बीमा कंपनी के अधिकारी व सरकारी अधिकारी आपस में मिलीभगत करके इस मुआवया राशि में फ्राड कर गए मुआवजा की राशि सीधे किसानों तक नहीं पहुंची। मुआबना राशि की जांच करवा कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। रबी फसल 2024 सरसों व गेहूं की फसल ओलावृष्टि से सौ प्रतिशत नष्ट हो गई थी, जिसका मुआवजा दिलवाया जाए। किसानों को समय पर डीएपी व यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जाए, ताकि किसान खरीफ फसल में यूरिया खाद डाल सके। बिजली घरों में लोड क्षमता के हिसाब से बड़े ट्रांसफार्मर लगाए नावे ताकि बिजली की समस्या से छुटकारा मिल सके।

बकाया ट्यूबवैल के बिजली कनै1शन जल्द जारी किए जाए और जिन किसानों को सोलर पैनल दिया गया उनको भी मांग अनुसार बिजली कने1शन दिए जाए। पानी की गहराई ज्यादा है, गहराई ज्यादा होने के कारण 10 एचपी की मोटर से फसल में पानी की पूर्ति नहीं होती और सिंचाई नहीं होने के कारण फसल खराब हो जाती है। घरेलू बिजली के बिल हर महीने दिए जाएं सस्चार्ज को हटाया जाए आदि मांगों पर मुख्यमंत्री से बातचीत हुई जिस पर उन्होंने सहमती जातई है इस लिए किसानों के धरने को समाप्त कि या जाता है। अनाज मंडी बाढड़ा को दूसरी जगह बड़ी अनाज मंडी बनाई जाए। दक्षिणी हरियाणा पिछड़ा क्षेत्र है इसलिए यहां पर एक आईआईटी बनाई जाए। उप मण्डल स्तर पर कोल्ड स्टोर बनाया जाए। बाडड़ा में परिवहन विभाग का सब डिपो बनाया जाए। ग्रामीग क्षेत्र में समार्ट मीटर ना लगाए जाए क्यों कि ग्रामीण क्षेत्र में किसान, गरीब लोग रहते है।



**बाढड़ा।** धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

### ये थे मौजूद

धरने पर किसान सभा अध्यक्ष रणधीर कूगढ़, रामअवतार शर्मा, हलकाध्यक्ष मास्टर रघुबीर श्योराण, ओमप्रकाश उमरवास, अतर सिंह मावड़ा, कर्ण सिंह बाढड़ा, शीशराम, पूर्व सरपंच वेद्यप्रकाश, कामरेड रामपाल धारणी, सुमेर सिंह, जोरा सिंह उमस्वास, भूप सिंह धारणी, आनंद वालिया, जगदीश हंसावास, कमल सिंह हड़ौदी, पूर्व सरपंच गिरधारी, करतार सिंह, सतबीर सिंह, रामअवतार आदि मौजूद थे।

**बुजुर्ग दंपति घायल**

# पहाड़ी गांव में बरसात के कारण ढहा मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

गत दिवस लोहारू व आसपास के इलाके में हुई तेज बरसात के कारण गांव पहाड़ी के नजदीक खेतों में एक मकान पूरी तरह से ढह गया और उसमें रहने वाला बुजुर्ग दंपति के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने घायलों को लोहानी के अस्पताल में भर्ती करवाया है। उधर परिजनों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सरकार से बुजुर्ग दंपति की आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें मकान बनाकर देने की मांग की है।

बता दें कि बीते दिवस लोहारू और आसपास के इलाके में झमाझम बरसात हुई थी। बरसात के बाद जहां कई किसानों के खेतों में बरसाती पानी जमा होने से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं गांव पहाड़ी के नजदीक सेहर व ढाणी जोगी गांव के बीच बसी ढाणी में एक मकान ढह गया, जिससे मकान में रहने वाले बुजुर्ग 78 वर्षीय जुगतीराम और उनकी पत्नी करीब 75 वर्षीय कस्तूरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोस में रह रहे परिजनों और क्षेत्रवासियों की मदद से दोनों को घायल अवस्था में मकान के मलबे से निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया। परिजन सोमवीर सिंह व ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सरकार से बुजुर्ग दंपति की आर्थिक मदद करने और उन्हें मकान बनाकर देने की मांग की है।



**भिवानी।** मलबे में दबने से घायल हुआ बुजुर्ग जुगतीराम।

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

### डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

### जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

### डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस

**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में



कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

### मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस

**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने



तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

### शीप एंड डॉग बिल्डिंग

**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले



पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।

**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है।




जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

## बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले



**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
-किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



आज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# शिक्षा का महत्व बताती कहानी


बच्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *





**किताब**–रेवा, **लेखक**–प्रभात, **चित्र**–प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**–75 रुपए, **प्रकाशक**–एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर




वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद



अनन्या, बिलासपुर

## खबर संक्षेप



भिवानी। शिक्षा बोर्ड परिसर में पौधारोपित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मानव जीवन में पेड़ को अहम योगदान : पवन

**भिवानी।** द भिवानी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक भिवानी द्वारा मां प्रबंधक सुरेश पाल जी की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण के बाद द भिवानी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के महा प्रबंधक सुरेश पाल , हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पवन शर्मा एवं उपाध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि मानव जीवन में पेड़-पौधों को अहम योगदान है। इसलिए हमें पौधे लगाकर अपनी संतान की भांति इसके सींचना चाहिए ताकि यह बड़ा वृक्ष बनकर मानव जीवन में प्रयोग होने वाली हर वस्तुओं के लिए सहायक सिद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि संतों ने अपनी वाणियों में बताया है और प्रमाणिक भी कि मनुष्य के जन्म से लेकर उसके मरण तक में लकड़ी ही सहायक है, यह लकडी हमें तभी मिल पाएगी तब काटे जाने वाले पेड़ों से कई गुणा अधिक संख्या में पेड़ लगाकर उनको सही सलामत रख पाएंगे।

### निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**बहल।** लोहारू रोड पर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के बाहर चारदीवारी निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर शहीद भगत सिंह कल्याण समिति ने कड़ा संज्ञान लिया है। समिति की तरफ से कहा गया है कि यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण विषय है। शहीद किसी एक कौम या जाति के न होकर सर्वसमाज के होते हैं। ऐसे में उनके सम्मान में बनने वाली चहारदीवारी में इस तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहीद भगत सिंह कल्याण समिति के सदस्यों ने कहा कि शहीद-ए- आजम भगत सिंह की प्रतिमा के चारों तरफ चहारदीवारी व रैलिंग लगाकर उसे सुरक्षित करने के लिए प्रशासन द्वारा करीब सात लाख 32 हजार रुपये की राशि स्वीकृत कर इसे सुंदरता देने का काम शुरू किया गया था। लेकिन, जैसे सोशल मीडिया से सूचना मिली है कि इस काम में भारी अनियमितताएं बरती जा रही है। निर्माण सामग्री में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है वहीं ईंटें भी सही गुणवत्ता की नहीं है। खास बात यह भी है कि यह काम खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के पास चल रहा है।

# बवानी खेड़ा शहर में बहेगी विकास की गंगा, पूरे हलके में होंगे चहुमुखी विकास

■ भाजपा सबका साथ सबका विकास पर कर रही काम

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में एक तरफ जहां शहरवासी खेल स्टेडियम, पार्क न होने से दुखी हैं तो वहीं नागरिक अस्पताल के क्षतिग्रस्त भवन को देखते ही मन दुखी होता है तो शहर में सीवरेज समस्या व पीने के पानी, बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं लेकिन ये परेशानी चंद दिनों की मेहमान है, शहर सहित पूरे हलके में विकास की गंगा बहेगी। इसी के बारे विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार एवं सिनेट्री इंस्पेक्टर संजय कुमार की धर्मपत्नियों ने अपने विचार सांझा किए।

### नागरिक अस्पताल की बनेगी तीन मंजिला इमारत, पार्क की होगी सुविधा: संतोष



विधायक कपूर वाल्मीकि की पत्नी संतोष देवी ने बताया कि बवानी खेड़ा के नागरिक अस्पताल के भवन का पूरा नक्शा तैयार हो चुका है। तीन मंजिला इमारत बनाई जाएगी जो लिफ्ट से सुसज्जित होगी। एयरकंडीशनर भवन होगा और चिकित्सकों के रहने के लिए भी क्वार्टर की व्यवस्था होगी। मरीज व उनके साथ आए परिजनों के लिए पार्क की व्यवस्था का भी पूरा खाका तैयार किया गया है। विधायक ने स्वयं स्वास्थ्य मंत्री से बातचीत करके इस कार्य को सिरे चढ़वाने का कार्य किया है। शहर सहित पूरे हलके में विकास की गंगा बहेगी।

### बिजली की समस्या से मिलेगा छुटकारा:सुमित्रा देवी



वार्ड 09 पार्षद सुमित्रा देवी पत्नी सिनेटरी इंस्पेक्टर ने बताया कि शहर में बिजली की समस्या से लोग परेशान है। मामूली हवा के झोंके व बारिश की फुहार आने से बिजली गायब हो जाती है लेकिन अब विधायक कपूर वाल्मीकि एवं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री द्वारा 132केवी सब स्टेशन को स्थापित करवाकर इस समस्या से निजात दिलवाने का कार्य करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि सभी पार्षदों द्वारा अपने अपने वार्ड के विकास का खाका तैयार करके उन्हें पूरा करने की योजना बनाई हुई है जल्द टेंडर लगाकर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### पार्कों व स्टेडियम का कार्य जल्द होगा शुरू: कमल देवी



पूर्व नपा चेयरपर्सन एवं मौजूदा नपा चेयरमैन सुंदर अत्री की धर्मपत्नी कमल देवी ने बताया कि शहर में जल्द ही पार्कों व खेल स्टेडियम का कार्य शुरू होगा। इन मांगों को विधायक कपूर वाल्मीकि द्वारा विधानसभा में भी जोर शोर से उठाया और उनके पति नपा चेयरमैन सुंदर अत्री द्वारा पूरे शहर के विकास को लेकर खाका तैयार किया हुआ है। जल्द ही सीवरेज की व्यवस्था को भी दुरूस्त करवाने के लिए टेंडर लगाए जाएंगे ताकि ये समस्या जड़ से समाप्त हो सके।

### पेयजल की समस्या का होगा निदान: बसंती देवी



वार्ड 16 पार्षद बसंती देवी पत्नी प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि विधायक कपूर वाल्मीकि एवं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री के अथक प्रयासों से जलघर का निर्माण जारी है। प्रथम जलघर में सुंदर नहर से पाइप लाइन बिछाई गई है ताकि शहर में पीने के पानी की दिक्कत न हो।

## पालुवास हरिपुर में बाबा धुणीवाला की स्मृति में हवन और भंडारा

# श्रद्धालुओं ने बाबा धुणीवाला की पूजा कर मांगी सुख और समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। हवन में आहुति डालते बाबा धूणीवाला सेवा समिति के सदस्य व ग्रामीण तथा बाबा धुणीवाला की पूजा अर्चना करते बाबा धुणीवाला सेवा समिति के सदस्य।

गांव पालुवास हरिपुर के बाबा धुणीवाला मंदिर में हर वर्ष की भांति शिवरात्रि के अगले दिन 24 जुलाई गुरुवार को बाबा धूणीवाला की स्मृति में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आयोजित हवन में बाबा धूणीवाला सेवा समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने हवन में आहुति डालकर बाबा से गांव की भलाई, सुख-समृद्धि के लिए मन्नतें मांगीं। इसके बाद बाबा धुणीवाला की प्रतिमा के समक्ष एवं हवन में प्रसाद का भोग लगाकर भंडारा शुरू किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हवन में महंत सूर्यनाथ महाराज, बाबा महाबीर नाथ, पंडित हर्ष शर्मा, बाबा धूणीवाला सेवा समिति के सदस्य एवं पूर्व बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर, सरपंच प्रतिनिधि रणबीर फौजी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार, अनिल तंवर, भंवर सिंह, मोनू तंवर, सोनू तंवर, हरिसिंह, महेश कुमार, कंवरपाल, कृष्ण सूबेदार, सागरराम, रामभगत तंवर, जेई पवन कुमार, अधिवक्ता रमन, रमेश मास्टर, प्रमोद कुमार, रोकी तंवर, संजय गांधी, दिनेश तंवर, महेंद्र कालिया व डॉ. महेंद्र आदि श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली और बाबा से गांव व क्षेत्र की भलाई, परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मन्नतें मांगीं। बाबा धूणीवाला सेवा समिति के सदस्य एवं पूर्व बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर, सरपंच प्रतिनिधि रणबीर फौजी व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार ने बताया कि बाबा धूणीवाला सिद्ध महात्मा थे। लगभग 300 वर्ष पहले की बात है कि गांव में अकाल पड़ गया था और जोहड़ व तालाब सुख गए थे। पानी के अभाव के कारण पशु-पक्षी मरने लगे थे, तभी बाबा धूणीवाला ने कड़ी तपस्या की। बाबा धूणीवाला की तपस्या एवं आशीर्वाद से रात को सूखे पड़े गांव के तालाब व जोहड़ सुबह पानी से लबालब हो गए, जिसे देखकर ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए कि रात को बिल्कुल सूखे पड़े जोहड़ व तालाब पानी से कैसे लबालब हो गए। वहीं गांव में कोई महामारी फैलने पर बाबा धुणीवला झाड़ा लगाते थे और उस महामारी से ग्रामीणों, पशु-पक्षियों को बचाते थे। बाबा से कोई भी श्रद्धालु सच्चे मन से प्रार्थना करता है तो बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। हवन के बाद बाबा धुणीवाला की प्रतिमा के समक्ष व हवन में प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में सबसे पहले साधु-संतों को भोजन करवाया और इसके बाद गांव व आसपास क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



भिवानी। पौधरोपण करते विधायक घनश्याम दास सर्राफ व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## टीआईटी विद्यालय में किया गया इको क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाएगा इको क्लब

टीआईटी विद्यालय में विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने इको क्लब का गठन किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक ने विधायक घनश्याम सर्राफ, टीआईटी कॉलेज के डायरेक्टर बीके बेहरा, प्रशासन विभाग के मुखिया प्रमोद, टीआईटी संस्था के प्रबंधक ऐश्वर्या का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण को बचाने के लिए कविता, लघु नाटिका का मंचन किया।

विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान टीआईटी विद्यालय में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्लब का गठन किया। क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना है। क्लब की संरक्षिका विद्यालय प्रभारी सरिता शर्मा ने कहा कि इको क्लब छात्रों को पर्यावरण के महत्व को समझने और उनकी रक्षा करने में मदद करेगा। इको क्लब में 35 विद्यार्थियों का चयन किया। इस अवसर पर विद्यालय में पौधरोपण किया और बच्चों को पौधे वितरित किए गए। विधायक सर्राफ ने ई लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आशा शर्मा शालिनी, दीपिका व वैशाली उपस्थित रहे।

## बाढ़ड़ा में पब्लिक हेल्थ डिविजन खोलने की घोषणा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



कपिल रावलधी।

हरियाणा पब्लिक हेल्थ क्लेरिकल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कपिल रावलधी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा झोझूकलां में आयोजित रैली के दौरान बाढ़ड़ा को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का नया डिविजन बनाने की घोषणा का स्वागत किया है। राज्य सचिव सोमबीर लेंघा व सहसचिव प्रदीप पावड़िया ने कहा कि वर्तमान में दादरी डिविजन 176 गांवों और पूरे दादरी शहर का कार्यभार संभाले हुए हैं, जिससे कार्यों का दायरा अत्यधिक विस्तृत हो चुका है। ऐसे में बाढ़ड़ा में नया डिविजन बनना न केवल प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यक था बल्कि इससे विभागीय कार्यों में सुगमता और गति भी आएगी। जिला प्रधान मनोज दीक्षित ने कहा कि नए डिविजन के गठन से नए पदों का सृजन होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और कर्मचारियों पर कार्यभार भी संतुलित होगा। इससे विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। वरिष्ठ उपप्रधान मनीष सांगवान व महासचिव जोगिंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये निर्णय क्षेत्र के कर्मचारियों और जनता दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। संगठन सरकार से अपेक्षा करता है कि जल्द ही नए पद सृजन, कार्यालय ढांचा, बजट आवंटन और स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

## अम्बेडकर ने हर समाज के गरीब तबके के उत्थान के लिए किया था सविधान में प्रावधान : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



तहसील कानूनगो राजेंद्र ने कहा कि संविधान रचयिता बी आर अम्बेडकर ने किसी एक समाज नहीं बल्कि हर समज में आर्थिक रूप से पिछडे. लोगों के उत्थान के लिए संविधान में प्रावधान किया था। जिसका फायदा हर समाज के गरीब लोगों को मिल रहा है। उनकी सोंच थी कि हर समाज के पिछड़े लोगों को आगे आने का मौका मिलेगा। तभी समाज व देश की तरक्की हो सकती है।

इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों को संविधान रचयिता बीआर अम्बेडकर के जीवन से शिक्षा लेकर चलने का आहवान किया। वे आज बवानीखेड़ा तहसील परिसर में बाबा साहेब बी आर अम्बेडकर की (फलेक्स मूर्ति)मूर्ति स्थापित करने के बाद एकत्रित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

यहां यह बताते चले कि विगत में शरारती तत्वों ने तहसील परिसर में लगी बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया था। साथ ही अधिवक्ता राजेश सिंधू का चैम्बर भी तोड़ा था। बाद में मामला पुलिस तक पहुंचा और तहसील प्रशासन ने सारे मामले को सुलटाते हुए आज बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित करवा दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामकिशन काजल, अधिवक्ता सोनू नाफरिया, अजय काजल, अमित दहिया, सुमन दहिया, मीना चौपड़ा, अधिवक्ता मलकियत, अजय काजल,पार्षद सतपाल गक्कड़, कानूनगो शैलेश, नवीन, श्याम हांडा, संदीप, भूपेंद्र, अनुराग, कांता, महेंद्र स्टाम्प विक्रेता, महेंद्र नम्बरदार, रीडर कांता, जगन्नाथ,धर्मबीर, सुरेंद्र गुलाटी, कुलदीप काजल आदि मौजूद थे।

### मिडिएशन फॉर द नेशन अभियान शुरू, वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को मिलेगा बढ़ावा



चरखी दादरी। मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र के मध्यस्थों की बैठक में सदस्य।

**चरखी दादरी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार के मार्गदर्शन में 90 दिन तक लगातार जनजागरूकता अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन अभियान शुरू किया गया है। अभियान का लक्ष्य लंबित मामले कम करना और वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला की अध्यक्षता में मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र के मध्यस्थों की बैठक हुई। बैठक राष्ट्र के लिए मध्यस्थ अभियान के प्रभावी क्रियावान पर केंद्रित रही। अभियान 90 दिनों तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जिला अदालतों में लंबित मामलों का जल्द निपटारा करना है। बैठक में मामलों के अधिकतम निपटा के लिए रणनीति बनाई गई।

## अपराधी व गैंगस्टरों का पक्का इलाज करें: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते बजरंग दास गर्ग।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों की समस्या सुनने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि हरियाणा में अपराधी जेल में बैठकर फिरौती, मंथली मांगने के साथ-साथ अपना गैंग चला रहे हैं।

अपराधियों के पास जेलों में मोबाईल कहा से आया इसका मतलब जेल प्रशासन अपराधियों से मिला हुआ है। सरकार हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति कंट्रोल करने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। हरियाणा में अपराधियों द्वारा हर रोज लूटपाट, फिरौती, मंथली व हत्याओं की वारदातें की जा रही है। प्रदेश में व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए भयभीत है। सरकार को अपराधी व गैंगस्टरों का पक्का ईलाज करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में लगातार नशे का व्यापार फल-फूल रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दल-दल में धस्ती जा रही है। नशा कॉलेज के अंदर व बाहर बिक रहा है। हरियाणा में नशे का बढ़ने का मुख्य कारण लगातार बेरोजगारी का बढ़ना है। सरकार हरियाणा में नशा रोकने व प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने में विफल सिद्ध हुई है। हरियाणा में हर रोज तीन हत्याएं हो रही है। एक साल में हरियाणा में 1020 हत्याएं हुई है।

हरियाणा में हर रोज 100 से ज्यादा लूटपाट, डकैती, फिरौती व चोरियों की वारदातें होना चिंता जनक है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में अपराधियों के भय के कारण शराब के ठेकेदारों ने शराब के ठेकों की बोलियां तक नहीं लगाई। 12 जिलों में लगभग 328 ठेकों की बोली के लिए ठेकेदार तक सरकार को नहीं मिले जबकि अपराधियों द्वारा जींद, सफीदों, कुरुक्षेत्र व पानीपत में दिन-दिहाड़े शराब ठेकेदारों की हत्या करना चिंता का विषय है।



भिवानी। एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पौधरोपण करते पर्यावरण रक्षक। फोटो: हरिभूमि

### मेरा युवा भारत व हेमंत सैनी सोसायटी ने किया पौधरोपण

**भिवानी।** मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक जितेंद्र सैनी व हेमंत सैनी कल्चरल थिएटर एंड वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। वार्ड पार्षद अजय सांगवान ने बताया कि मातृत्व को समर्पित पौधरोपण में हर प्रतिभागी ने एक पौधा अपनी मां के नाम समर्पित किया। कोमल ने बताया कि पेड़ केवल प्रकृति ही नहीं भावनाओं की विरासत हैं, जब हम मां के नाम पर एक पौधा लगाते हैं, तो वह जीवनभर हमारी भावनाओं को संजोए रखता है। यह अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय जागरूकता दोनों का संगम है, मेरा युवा भारत के संदर्भ में रिया ने बताया कि युवा जब पौधा लगाता है, वह केवल हरियाली नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए उम्मीद बोता है। इस अवसर पर श्रुति, हेमंत सैनी मेरे युवा भारत के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मोहित कुमार, पवन माही, प्रमोद कुमार, कोमल, रिया, शकुंतला, संतोषी अनु, सुनीता व अंजू उपस्थित रहे।

## भीम शर्मा की नौ दिन की तपस्या का हुआ अभिनंदन कार्यक्रम

# तपस्या से कटते कर्मों के बंधन, जैन धर्म में तपस्या का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। तेरापंथ भवन में भीम शर्मा की नौ दिन की तपस्या का अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित जैन साध्वी व श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

तेरापंथ भवन में भीम शर्मा की नौ दिन की तपस्या का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। साध्वी तिलकश्री ने कहा कि तपस्या से कर्मों के बन्धन कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में तपस्या का बहुत अधिक महत्व है और तप के प्रभाव से असंभव कार्य भी संभव हो सकता है।

उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प वाला व्यक्ति ही तपस्या कर सकता है। टैंट हाऊस का काम करने वाले भीम शर्मा ने 9 दिनों की निराहार तपस्या कर अपने खानदान का नाम रोशन किया है। साध्वी ने तपस्वी के स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद दिया और परिवार के प्रति मंगल भावना व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित धर्म अनुरागी भाई बहनों को चातुर्मास काल के दौरान तपस्या के द्वारा कर्मों की निर्जरा करने की शिक्षा दी। साध्वी निर्णय प्रभा एवं महिमाश्री ने एक गीतिका के द्वारा भीम की तपस्या की अनुमोदना की। सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने कहा कि अजैन होकर भी नो दिन की तपस्या कर भीम ने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है और साध्वीश्री की प्रेरणा से ही यह तपस्या सानंद हो रही है। भीम ने कहा कि जैन साध्वी उनके लिए भगवान का रूप है और सबके मंगल आशीर्वाद से ये तपस्या संपन्न हो रही है। महिला मंडल की गीतिका के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सीमा जैन ने किया। तेरापंथ सभा, महिला मंडल, एवं अणुव्रत समिति की ओर से भीम का सम्मान किया गया।अनेक लोगों ने तपस्वि के प्रति अभी वंदना के भाव व्यक्त किये, जिनमें प्रमुख रूप से रमेश बसंल, सुषमा जैन, सामंती जैन, नवीन नाहटा, रमेश जैन, मधु जैन, मानिकचंद नाहटा, नरेश बंसल, केशव जैन, वनिता जैन, सुनीता नाहटा, आरती जैन, महेंद्र जैन, विकास जैन, रेनू नाहटा, वनिता जैन व गोपाल जैन ने तपस्या की अभिवंदना की। इस अवसर पर भीम के भाई किरोड़ीमल, विष्णु, युवराज, पंकज शर्मा, बैजनाथ जैन आदि उपस्थित थे।

## अनिरुद्ध चौधरी हलके के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से हुए रूबरू

■ तोशाम हल्के के लोगों ने चौ. बंसीलाल परिवार को दिया है सदैव मान सम्मान : अनिरुद्ध चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



तोशाम। एकत्रित लोगों को संबोधित करते बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी। फोटो: हरिभूमि

बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने वीरवार को तोशाम हलके के करीबन एक दर्जन गांव का जनसंपर्क अभियान के तहत दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें बखूबी दुलार देते हुए उनके विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के पो ते एवं कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने जनसंपर्क अभियान के तहत वीरवार को तोशाम हलके के गांव मालवास देवसर, मालवास कोहाड़, कुसुंभी, केहरपुरा, लेघा हेतवान, लेघा भानान, प्यारे की ढाणी, जितवानवास, शिमली, मनसरवास आदि गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के पोते अनिरुद्ध चौधरी को भरपूर मान सम्मान देते हुए अनिरुद्ध चौधरी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। अनिरुद्ध चौधरी के इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान विशेष बात यह रही की बंसीलाल के पोते को सुनने के लिए अनेक ग्रामीण महिलाएं भी उनके कार्यक्रम में मौजूद रही।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को दी भविष्य संवारने की जानकारी

**तोशाम।** गुरुवार को गांव बीरन के देवराईज पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार के दौरान दिल्ली से पहुंचे सीए मीनल अग्रवाल ने कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मीनल अग्रवाल ने विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए विस्तार से बताया कि स्कूली बच्चे कॉमर्स के माध्यम से अपने भविष्य को कैसे संवार सकते हैं। इस बारे अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अपना भविष्य बनाने के लिए विस्तृत जानकारी दी जिसे विद्यार्थियों ने बड़ी बारीकी से सुना और विद्यार्थियों ने भविष्य में उस पर अमल करते हुए कामयाबी हासिल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजेश पोपली, विद्यालय के अध्यक्ष विजय पूनिया, विद्यालय निदेशक सुमित्रा पूनिया ने भी अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किए।

### लिटिल हार्टस के प्रांगण में मनाया तीज उत्सव

**भिवानी।** लिटिल हार्टस कांवेंट स्कूल के प्रांगण में तीज पर्व की बेला में नन्हे-मुन्हे बच्चों की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिनमें त्यौहारो को प्रकाशित करने वाले विषय प्रमुख थे। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि तीज त्यौहार पर विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस श्रृंखला में एलकेजी व युकेजी कक्षा के छात्र व छात्राओं ने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले की सहायता से चाक पर मिट्टी के दीपक बनाए।

### ओबरा स्कूल में युवा संसद में गूंजा बेरोजगारी का मुद्दा

**बहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओबरा में विद्याथियों को संसदीय कार्यवाही से अवगत कराने के लिए युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में विद्यार्थियों ने सत्ता पक्ष व विपक्ष के संसद सदस्यों की भूमिका का शानदार ढंग से निर्वाहन किया। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष में बैठे विद्यार्थी सांसदों ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के लिए खाद, बीज की किल्लत सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरा।

### अधिकारी खजाना कार्यालय से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के समय की करे गणना

# सीसीटीवी की निगरानी में होगी सीईटी परीक्षा, जैमर तोड़ेंगे नेटवर्क की कमर, प्रशासन की कड़ी चौकसी

डयूल डेस्क, लाइट व सीसीटीवी इंस्टालेशन का कार्य हो मुक्कमल, जिम्मेदारों को प्रशासन के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

26 व 27 को हो रही सीईटी (कॉमन इलेजीबिल्टी टेस्ट) के महाकुम्भ की सफलता को लेकर पूरा प्रशासनिक अमला जुटा है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शिक्षा ही नहीं सभी विभागों के अधिकारी भागे-भागे फिर रहे है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा ड्राई रन का आयोजन किया गया। परीक्षा से पूर्व परीक्षा के बेहतरीन ढंग से कराए जाने, परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के समक्ष आने वाली समस्याएं, अधिकारियों के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने व अगर कोई कमी नजर आए तो उस बारे में प्रोफार्मा भरकर प्रशासन को सूचित करने से संबंधित अनेक दिशा निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के दौरान कोई कमी या सुझाव है तो अधिकारी प्रोफार्मा पर भरकर प्रशासन को दे सकते है। चूंकि अभी परीक्षा के आयोजन में करीब 36 घंटों का समय बचा है। जो कोई कमी नजर आए तो उसका सुधारा जा सकता है। सीईटी परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से आयोजन को लेकर वीरवार को ड्राई रन का आयोजन किया गया। सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा और सीटीएम अनिल कुमार ने फ्लाइंग स्क्वॉड/ ड्यूटी मजिस्ट्रेट की टीमों को लघु सचिवालय स्थित खजाना कार्यालय से रवाना किया। सीईटी की परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से करवाने तथा किसी तरह की अनियमितता से बचने के लिए हरेक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा भवन के कमरे तक सीसीटीवी कैमरे की नजर में परीक्षार्थी रहेंगे। यहां तक कि जिस कमरे में परीक्षार्थी बैठेगा। उस कमरे में भी सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। हरेक परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र के प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्ति तक का डाटा सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो जाएगा। साथ ही इन कैमरों का नियंत्रण हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अलावा जिला प्रशासन के पास भी रहेगा। वे समय समय पर परीक्षा केंद्र में चल रही परीक्षा के बारे में जानकारी ले सकेंगे। दूसरी तरफ हरेक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे में जेम्बर लगाए जा रहे है। परीक्षा केंद्रों में लगे जेम्बर हर तरह के नेटवर्क को तोड़ने में सक्षम है। ताकि किसी प्रकार से कोई गड़बड़ी न हो पाए।



**भिवानी।** ड्राई रन के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### नौ पेट्रोलिंग पार्टिंया करेंगी गश्त



प्रवर पुलिस अधीक्षक भिवानी मनबीर सिंह ने जिला में शनिवार 26 जुलाई व रविवार 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में कुल 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर प्रवर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस फोर्स की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर गश्त करने के लिए 09 पेट्रोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं और साथ ही 05 नाके भी लगाए गए हैं। प्रवर पुलिस अधीक्षक भिवानी ने सभी थाना प्रभारियों से सीईटी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया है।

### परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने का समय करे नोट

ड्राई रन के दरम्यान अधिकारी ने बताया कि वे खजाना कार्यालय से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के समय को नोट करें। इसी प्रकार से यह नोट करें कि वापिस खजाना कार्यालय आने में कितना समय लगता है। आने व जाने के समय की गणना करें। ताकि परीक्षा के दौरान उसी समय के हिसाब से अधिकारी खजाना कार्यालय से परीक्षा केंद्र तक पहुंच सके। इस समय की गणना का हिसाब किताब रखा जाए। साथ ही यह गणना आला अधिकारियों के साथ शेयर भी करें। परीक्षा केंद्रों में लगे जेम्बर हर तरह के नेटवर्क को तोड़ने में सक्षम है।

### परीक्षा केंद्र की सारी तैयारियां जांचे

सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने-अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा रूम में डेस्क और लाइट की व्यवस्था देखें। अगर किसी परीक्षा केंद्र में डयूल डेस्क की कमी है तो तत्काल उसको पूरा करवाए। इनके अलावा वहां पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किया जा चुके हैं या नहीं। अगर नहीं किए गए है तो तत्काल स्थापित करवाए जाए। यदि कहीं भी किसी प्रकार की कोई कमी रहती है तो उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर भेजें। इसके अलावा वे परीक्षा केंद्र पर पहुंचते वक्त रास्ते में कोई कमी नजर आती है तो उसको नोट करे। ताकि समय रहते उसको पूरा किया जा सके। कमी पूरा होने के बाद परीक्षा के दिन किसी प्रकार की कोई कमी न रह पाए।

### 26 को रहेंगे निजी व सरकारी स्कूल बंद

प्रदेश में होने वाली सीईटी की परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने 26 जुलाई को सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की छुट्टी कर दी है। हालांकि 27 जुलाई को रविवार को परीक्षा होगी,लेकिन 26 जुलाई को शनिवार होने के चलते स्कूलों में क्लासें लगाई जानी थी। अब विभाग ने 26 को सभी निजी व सरकारी स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए है। इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

### सीईटी परीक्षा देने वालों के लिए रोडवेज कर्मचारियों ने की पूरी तैयारी, हेल्पलाइन नंबर किए जारी



**तोशाम।** सीईटी परीक्षा को लेकर तोशाम बस अड्डे पर लगाया गया काउंटर।

**तोशाम।** तोशाम से विभिन्न जगहों पर सीईटी की परीक्षा देने वालों की सुविधा के लिए सरकार एवं डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार तोशाम रोडवेज प्रशासन ने 26 व 27 जुलाई को बसों की रवानगी के लिए पूरी तैयारी कर ली है। इसके साथ ही बसों के बारे में पूछताछ के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इन हेल्पलाइन नंबरों से कोई भी परीक्षार्थी बस का टाईम-टेबल की जानकारी ले सकता है। उल्लेखनीय है कि 26 व 27 जुलाई को सीईटी की परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। सबुह की शिफ्ट (सत्र) में 10 से 11:45 बजे तक तथा सांय शिफ्ट (सत्र) में 3:15 से 5 बजे तक परीक्षा होगी। तोशाम सबडिपो डीआइ कर्मवीर भाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रोहतक में परीक्षार्थियों को ले जाने के लिए सुबह होने वाली परीक्षा के लिए पहली बस का समय तोशाम से भिवानी होते हुए रोहतक प्रातः 04:00 बजे और शाम की शिफ्ट के लिए 9:00 बजे चलेगी। इसी कड़ी में तोशाम से होते हुए भिवानी से रोहतक पहली शिफ्ट के लिए बस प्रातः 04:00 बजे और दूसरी शिफ्ट के लिए 09:00 बजे बस चलेगी। महेन्द्रगढ़ के लिए परीक्षार्थियों को ले जाने के लिए तोशाम बस स्टैंड से चलकर महेन्द्रगढ़ व नारनौल जाने वाली बस का समय पहली शिफ्ट के लिए प्रातः 04:00 बजे और सांय शिफ्ट के लिए 09:00 बजे बस चलेगी। यह बस तोशाम से चलकर जुई, बाढड़ा, सतनाली व महेन्द्रगढ़-नारनौल जाएगी जो कि प्रातः 04:00 बजे और सांय शिफ्ट के लिए 09:00 बजे बस चलेगी। इस प्रकार रोडवेज कर्मचारियों ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है और प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए रोडवेजकर्मी पूरी तरह कमर कसकर तैयार हैं।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छाई छात्राएं

- 0सिटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

सिटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद द्वारा मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता और तीज महोत्सव मनाया गया । इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक रमेश जाखड़, जितेंद्र शर्मा और भारत विकास परिषद के सदस्ट जगन्नाथ महता, विनेश अग्रवाल, राजू कालड़ा, सुरेंद्र कालड़ा,महेंद्र खुराना, रेखा गुप्ता, अशोक कुमार, प्राचार्या संतोष भाकर उपस्थित रहे। परिषद द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई । जिसमे स्कूल छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य मनमोहन सिंहं फोगाट ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चे अपनी संस्कृति के नजदीक रह पाते हैं। पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव बच्चों पर अधिक हो रहा है ।ऐसी स्थिति में हरियाली तीज जैसे उत्सव से बच्चों में पारिवारिक भावना का विकास होता है। उन्होंने विकास परिषद के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह पहल बच्चों के मानसिक पटल पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी और समाज को एक नई दिशा मिलेगी। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुन्दर सुन्दर डिजाइन बनाए रिंकू, ज्योति और गरिमा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम द्वितीय और तृतीय के साथ सभी प्रतिभागियो को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



**बवानीखेड़ा।** स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा लगाई गई मेहंदी दिखाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# तीन रक्तवीरों का प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान

- तीन रक्तवीरों ने दुर्लभ रक्त ऐबी नेगेटिव उपलब्ध करवा बचाई गंभीर मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रक्तदान महादान है, रक्त की अहमियत जीवन मे वहीं व्यक्ति बता सकता है जो स्वयं या उसका कोई परिचित रक्त की कमी से जूझा हो। अगर छोटी काशी यानी भिवानी की बात करें तो शायद ही ऐसा कोई मरीज मिलेगा जिसने रक्त के अभाव मे दम तोड़ा हो, क्योंकि भिवानी के रक्तवीर राजेश डुडेजा और मनीष वर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भिवानी में रक्तदान की जो मुहिम चलाई है, उससे चाहे दिन हो या रात या बारिश जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवा दिया जाता हैं। भिवानी के रक्तवीरों की मेहनत और जनून ने पिछले काफी दिनों से चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल में दाखिल इमलोटा निवासी मरीज अंगूरी देवी की जिंदगी बचाकर मानवता की मिशाल पेश की है। बता दें कि इमलोटा निवासी अंगूरी ऐसी स्थिति में अस्पताल पहुंची,जब उसका हीमोग्लोबिन मात्र चार ग्राम था। महिला की गम्भीर हालात को देखते हुए ब्लड बैंक प्रभारी ने शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा को सूचना दी, उन्होंने तुरंत रक्तदाताओं को सूचना दी और तुरंत जागरूक रक्तदाता विजेंद्र सिंह आदि रहे।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

### ये रहे मौजूद

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा गया है, रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं हो सकता, केवल नियमित रक्तदान से ही रक्त की पूर्ति हो सकती है, इसलिए हमें नियमित तौर पर रक्तदान करते रहना चाहिए और युवाओं को रक्तदान की मुहिम में आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. मोनिका सांगवान, डॉ. रोहित कुमार, स्टाफ नर्स सुमन व गुंजन, शर्मिला, नवीन कुमार व सलमा आदि उपस्थित थे।

### घोटाले के विरोध में किसानों का धरना जारी

**लोहारू।** किसानों के महापड़ाव धरने के नौवें दिन किसानों का समर्थन करने पहुंचे भारतीय किसान सभा के पूर्व अध्यक्ष मास्टर शेरसिंह ने कहा कि फसल बीमा क्लेम के नाम पर किए गए कथित 350 करोड़ रुपये के घौटाला किसानों के साथ अन्याय है। इस विषय को लेकर किसानों को आंदोलन लंबा चल सकता है लेकिन इस संघर्ष में किसानों की जीत तय है। गुरूवार को किसानों के महापड़ाव धरने की अध्यक्षता कैप्टन इंद्राज, राजेंद्र, रामफल, कृष्ण व रोहताश झुप्पा ने संयुक्त रूप से की जबकि धरने का संचालन मा. जगरोशनप, धर्मपाल बारवास और पृथ्वी झूषसह गोठड़ा ने की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# किसानों से सीएम नायब ने की मुलाकात

- सीएम और किसानों की बैठक सकारात्मक रही

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को दादरी स्थित विश्राम गृह में क्षेत्र के किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट की। यह बैठक सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई। किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां अधिकांश नेता केवल औपचारिकताएं निभाते हैं, वहीं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अत्यंत शालीनता के साथ उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने मुख्यमंत्री से हुई बातचीत के प्रति संतोष प्रकट कर सभी प्रमुख मुद्दों पर सहमति जताई। बैठक के दौरान किसानों द्वारा फसलों के बकाया मुआवजे से संबंधित जानकारी साझा की गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में शीघ्र ही वरिष्ठ अधिकारियों से मंत्रणा कर समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित वरिष्ठ अधिकारी स्वयं किसान संगठनों से संवाद स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने ये भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसानों के लिए यूरिया और डीएपी की कोई कमी नहीं है, इसलिए आवश्यक मात्रा से अधिक उर्वरक की खरीद न की जाए। उन्होंने कहा कि कई बार किसान आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का प्रयोग कर लेते हैं, जिससे खेत की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इसका असर सभी पर होता है।



**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री सैनी से मुलाकात करते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### गौरक्षा दल की नौरंगाबाद टीम ने बचाई घायल की जान, पेश की मानवता की मिसाल

**भिवानी।** गौरक्षा दल भिवानी की नौरंगाबाद टीम ने एक बार फिर अपनी मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाई। घटना नौरंगाबाद गांव के पास हुई, जहां एक व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार हो गया था। गांव नौरंगाबाद की टीम रक्षक के पशु सेवक बिजेंद्र रक्षक ने बताया कि वे गांव खरक में पशु सेवा कार्य के लिए जा रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि गांव खरक के नजदीक किसी व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के मार्गदर्शन में नौरंगाबाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जिसके बाद टीम ने बिना किसी देरी के घायल को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इस दौरान टीम ने सरकारी एंबुलेंस का इंतजार किए बिना गौरक्षा दल की गौसेवा एंबुलेंस के माध्यम से घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। गौरक्षा दल के त्वरित एवं मानवीय कार्य से घायल व्यक्ति का जीवन बच गया। अस्पताल में इलाज के बाद घायल व्यक्ति अब खतरे से बाहर है।



सामान्य अस्पताल में उपचाराधीन घायल जिसे गोरक्षा दल ने अस्पताल पहुंचाया।

### श्याम सुंदर बने हसला के प्रदेश सचिव

**लोहारू।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने अपने सभी जिला प्रधानों व अन्य बुद्धिजीवी सहयोगियों से विचार-विमर्श करके राज्य कार्यकारिणी का गठन किया। राज्य कार्यकारिणी में भिवानी जिले से अशोक पहल को राज्य सचिव, श्याम सुंदर सांगवान को संयुक्त सचिव, सत्यवान को उपप्रधान और हेमंत शर्मा को संगठन सचिव की जिम्मेवारी सौंपी तथा प्रदुमन को लीगल सैल के सलाहकार की जिम्मेदारी दी। डॉ. राजीव वत्स ने बताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु का आभार जताया है।

### राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की 93वीं रैंक, लोगों ने दी बधाई

# तन्नू ने तीसरी बार की नेट-जेआरएफ परीक्षा पास

- 300 में से 216 अंक लेकर 99.6 प्रसेंटाइल अंक अर्जित की

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

लोहारू निवासी तन्नू सैनी पुत्री सुरेंद्र सैनी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा अर्थात नेट जेआरएफ परीक्षा में लगातार तीसरी बार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नेट जेआरएफ परीक्षा पास की है। भूगोल विषय में तन्नू सैनी ने 300 में से 216 अंक लेकर 99.6 प्रसेंटाइल अंक अर्जित करके प्रतिभा का परिचय दिया है और साबित कर दिखाया है कि कड़ी मेहनत और एकाग्रता से घर पर रहकर भी ऊंचा मुकाम हासिल किया जा सकता है। बता दें कि चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय से 67 फीसदी अंकों के साथ स्नातक परीक्षा पास करने वाली तन्नू सैनी वर्ष 2023 में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी से भूगोल विषय में एमए की परीक्षा 69 फीसदी अंकों के साथ पास की थी। उसके बाद से तन्नू ने कॉलेज स्तर पर एसोसिएट प्रोफेसर के पद तैनाती के लिए तैयारी में जुट गई। वर्ष 2024 में आयोजित नेट की दोनों परीक्षाओं में तन्नू ने सफलता हासिल की लेकिन जेआरएफ की तैयारी में लगातार जुटी रही और घर पर तैयारी करते हुए जून 2025 में आयोजित नेट-जेआरएफ की परीक्षा में सफलता का परचम फहरा दिया। तन्नू सैनी ने बताया कि उन्होंने परीक्षा में 300 में से 216 अंक और 99.6 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। यहीं नहीं उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 93वीं रैंक हासिल की है। यहीं नही उन्होंने हाल में एचपीएससी द्वारा आयोजित एसोसिएट प्रोफेसर की प्री परीक्षा भी पास कर ली है। तन्नू सैनी अपनी बड़ी बहन अंशु और मां संजू सैनी को अपना प्रेरणास्त्रोत मानती हैं। तन्नू की बड़ी बहन अंशु सैनी भी पिछले वर्ष बॉटनी विषय में जेआरएफ क्वालीफाई कर दिल्ली यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही हैं। वहीं तन्नू का छोटा भाई दीपक बहल के एक संस्थान से बीटेक कर रहा हैं। तन्नू की इस सफलता पर प्रयास संगठन के डॉ उमेद जांगिड़, मा. पवन स्वामी, महेंद्र कथूरिया, प्रधान जगदीश जायलवाल, जितेंद्र जांगड़ा, विजय कुमार फरटिया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।



लोहारू निवासी जेआरएफ क्वालीफाई तन्नू सैनी।